on conducted tours, inviting press correspondents at informal meetings etc.; and

(b) how much of this has been spent in 1958-59 and 1959-60?

The Minister of Information and Broadcasting (Dr. Keskar): The information is as under:—

	Expenditure sanctioned and incurred	
	1958-59	1959-60
	Rs.	Rs.
Entertainment (Hospitality Charges)	3,818·50	2,321·53
Conducted Tours	25,859·20	20,219·68

इंदौर की कपड़ा मिलें

९५१. **पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी** : क्या **वाणिज्य तथा उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले जनवरी के महीने मे इन्दौर के सूती कपड़े की मिलों को कोयले की कमी के कारण संकट का सामना करना पड़ा और इसके परिणामस्वरूप बीस हजार मजदूर संकट में आ गये ;

(ख) क्या सरकार ने कोयले की इस कमी के कारणों का पता लगाया है कि क्या यह कमी माल डिब्बों के न मिलने के कारण हुई थी या कोयले के उत्पादन में कमी होने से हुई थी ; और

(ग) क्या सरकार इस ओर ध्यान देगी ताकि ऐसे संकट की आशंका अधिक से अधिक दूर हो जाये और मजदूरों एवं उद्योगों में सुरक्षा की भावना आ जाये ?

उद्योग मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) कोयले की कुछ कमी होने पर भी इन्दौर की सूती कपड़े की मिलों में जनवरी, १९६१ में काम बन्द होने का कोई समाचार नहीं मिला है ।

(ख) ऊपर (क) में जिस कमी का उल्लेख किया गया है उसके बारे में बताया जाता है कि वह अधिकतर माल डिब्बों की कमी के कारण हुयी थी ।

(ग) जी हां ।

विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों में लोकसभा के सदस्यों का चुनाव

९५२. **श्री विभूति मिश्र** : क्या **संसद्-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष १९५२ से ३१ जनवरी, १९६१ तक प्रतिनिधिमंडलों में लोकसभा के कितने सदस्य विदेश भेजे गये ;

(ख) क्या यह सच नहीं है कि कुछ ही सदस्यों को अनेक बार भेजा गया है ;

(ग) यदि हा, तो उनके चुने जाने का आधार क्या है ; और

(घ) चुनाव के मामले मे किन व्यक्तियों से परामर्श लिया गया था ?

संसद्-कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : (क) से (घ) सूचना एकत्रित की जा रही है और उपलब्ध होने पर सभा-पटल पर रखी जायेगी ।

अखबारों में सरकारी विज्ञापन

९५३. **श्री विभूति मिश्र** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी विज्ञापन किस आधार पर अखबारों को दिये जाते हैं ;

(ख) क्या सरकार को ऐसी शिकायतें मिली हैं कि विज्ञापनों के वितरण में पक्षपात किया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?